incurred for that purpose;

(c) if so, the detaisl .there of ; and

(d) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF SURFACE TRANSPORT (SHRI T.G. VENKATRAMAN): (a) The Central Govt, is primarily responsible for the development and maintenance of National Highways. The roads, other than National Highways, fall within the jurisdiction of respective State Governments. National Highways are kept in traffic worthy conditions within the limited available resources and are by and large capable of taking care of the needs of expansion of trade and industry.

(b) to (d): The development of National Highways is a continous process and the improvement works are taken up keeping in view the inter priority of work and the overall availability of —.

दिल्ली में महिलाओं की अस्वाभाविक मौतें

1326. प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा: क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान दिल्ली में महिलाओं की जलने से हुई मौतों की कितनी घटनाएं हुई हैं;

(ख) उनमें से कितनी मौतें दुर्घटना के कारण हुईं, कितनी आत्महत्याऐं थीं और कितनी जलाकर मारने की घटनाएं हैं;

(ग) महिलाओं को आत्महत्या के लिए मजबूर करने और उन्हें जलाकर मारने के अपराध में कितने व्यक्तियों के विरुद्ध मामले दर्ज किये गये हैं; और

(घ) उनमें से कितने व्यक्तियों को सजा मिली और सजा की अवधि कितनी थी?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मोहम्मद यमीनूल हसन): (क) से (घ) अपेक्षित सूचना संलग्न विवरण में दी गई है।

(क) से (घ)

वर्ष	ऐसी घटनाओं की संख्या जिनमें महिलाओं को जलाकर मार दिया गया।	जलने से हुई अस्वाभाविक मौतों की संख्या	जलकर आत्महत्या के कारण हुई मौतों की घटनाओं की संख्या	जलाकर मारने की घटनाओं की संख्या	व्यक्तियों की संख्या जिनके विरुद्ध मामले दर्ज हैं।	व्यक्तियों की संख्या जिन पर दोषारोप सिद्ध हुआ है।	दोषसिद्ध व्यक्तियों की संख्या
1993	804	556	246	102	266	239	—
1994	795	569	113	113	319	310	—
1995	751	525	99	129	336	327	—

1994 में संबंधित एक अस्पताल में, अतिरिक्त एस० डी० एम० को इस आशय की रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है कि यह मामला आत्महत्या का है या अस्वाभाविक मौत का है अथवा मामला हत्या की श्रेणी में आता है।

ग्रामीण विकास मुख्यालयों में एस० टी० डी० सुविधायें

1327. श्री मोहिन्दर सिंह कल्याण: क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर प्रदेश, पंजाब, बिहार और हिमाचल प्रदेश के उन खण्ड विकास मुख्यालयों का ब्यौरा क्या है जहां पर एस० टी० डी० सुविधाएं उपलब्ध हैं, और

(ख) उपरोक्त राज्यों के उन खण्ड विकास मुख्यालयों का ब्यौरा क्या है जहां पर टेलीफोन की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाई है और उसके क्या कारण हैं?

संचार मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा): (क) ऐसे खंड विकास मुख्यालयों, जहां एस० टी० डी० सुविधाएं उपलब्ध हैं, का ब्यौरा संलग्न विवरण-I में दिया गया है। (नीचे देखिए)

(ख) ऐसे खंड विकास मुख्यालयों, जहां टेलीफोन सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाई है, का ब्यौरा संलग्न विवरण-II में दिया गया है। (नीचे देखिए)

टेलीफोन सुविधा प्रदान करने के लिए जिला